arihant

# 50 प्रैक्टिस सेट्स
## (2500 वस्तुनिष्ठ प्रश्न)

# सामान्य बुद्धि एवं तर्कशक्ति परीक्षण

## General Intelligence & Reasoning Test

SSC (CGL, 10+2, मल्टी–टॉस्किंग & CPO), IBPS (PO & CLERK)
LIC (ADO & AAO) रेलवे तथा अन्य समकक्ष प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए

# 50 प्रैक्टिस सेट्स
## 2500 वस्तुनिष्ठ प्रश्न

# सामान्य बुद्धि एवं तर्कशक्ति परीक्षण

## General Intelligence & Reasoning Test

SSC (CGL, 10+2, मल्टी–टॉस्किंग & CPO), IBPS (PO & Clerk)
LIC (ADO & AAO), रेलवे तथा अन्य समकक्ष प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए

अरिहन्त पब्लिकेशन्स (इण्डिया) लिमिटेड

# अरिहन्त पब्लिकेशन्स (इण्डिया) लिमिटेड

## सर्वाधिकार सुरक्षित

卐 **© प्रकाशक**

इस पुस्तक के किसी भी अंश का पुनरुत्पादन या किसी प्रणाली के सहारे पुनर्प्राप्ति का प्रयास अथवा किसी भी तकनीकी तरीके—इलेक्ट्रॉनिक, मैकेनिकल, फोटोकॉपी, रिकॉर्डिंग या वेब माध्यम—से प्रकाशक की अनुमति के बिना वितरित नहीं किया जा सकता है। 'अरिहन्त' ने अपने प्रयास से इस पुस्तक के तथ्यों तथा विवरणों को उचित स्रोतों से प्राप्त किया है। पुस्तक में प्रकाशित किसी भी सूचना की सत्यता के प्रति तथा इससे होने वाली किसी भी क्षति के लिए प्रकाशक, सम्पादक, लेखक अथवा मुद्रक जिम्मेदार नहीं हैं।
*सभी प्रतिवाद का न्यायिक क्षेत्र 'मेरठ' होगा।*

卐 **वाणिज्यिक कार्यालय**

'रामछाया' 4577/15, अग्रवाल रोड, दरिया गंज, नई दिल्ली-110002
**फोन :** 011-47630600, 43518550; **फैक्स :** 011-23280316

**मुख्य कार्यालय**

कालिन्दी, टी०पी० नगर, मेरठ (यूपी)-250002
**फोन :** 0121-2401479, 2512970, 4004199; **फैक्स :** 0121-2401648

卐 **शाखा कार्यालय**

आगरा, अहमदाबाद, बरेली, बंगलुरु, भुवनेश्वर, चेन्नई, दिल्ली, गुवाहाटी, हल्द्वानी, हैदराबाद, जयपुर, झाँसी, कोलकाता, कोटा, लखनऊ, नागपुर, मेरठ तथा पुणे

卐 **ISBN** 978-93-5094-381-6

卐 **मूल्य:** ₹ 185

**टाइप सेट :** अरिहन्त डीटीपी यूनिट, मेरठ

PRINTED & BOUND BY
ARIHANT PUBLICATIONS (I) LTD. (PRESS UNIT)

'अरिहन्त' के प्रोडक्ट्स के बारे में अधिक जानकारी के लिए हमारी
वेबसाइट www.arihantbooks.com पर लॉग इन करें या info@arihantbooks.com पर सम्पर्क करें।

# प्रस्तावना

सामान्य बुद्धि एवं तर्कशक्ति परीक्षण वर्तमान में विभिन्न क्षेत्रों में रोजगार पाने हेतु आयोजित प्रतियोगी परीक्षाओं में पूछा जाने वाला महत्त्वपूर्ण विषय है जिसमें अभ्यर्थियों को सफल होना अनिवार्य है।

हमारी पुस्तक ''सामान्य बुद्धि एवं तर्कशक्ति परीक्षण (50 प्रैक्टिस सेट्स)'' विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं जैसे– कर्मचारी चयन आयोग SSC (CGL, 10+2, मल्टी–टॉस्किंग & CPO), बैंक IBPS (PO & Clerk), LIC (ADO & AAO), रेलवे तथा अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं में अभ्यर्थियों के सफल होने में उपयोगी है।

इस पुस्तक में हमने विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं के नवीनतम पाठ्यक्रम पर आधारित एवं विगत् 5 वर्षों में विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में पूछे गए सामान्य बुद्धि एवं तर्कशक्ति परीक्षण के 2500 वस्तुनिष्ठ प्रश्नों को 50 प्रैक्टिस सेट्स के माध्यम से अभ्यर्थियों के समक्ष प्रस्तुत किया है।

यह पुस्तक अभ्यर्थियों के लिए विभिन्न प्रकार के प्रश्नों को शीघ्रता, सरलता एवं शुद्धता के साथ हल करने तथा अभ्यास करने के दृष्टिकोण से अत्यन्त ही उपयोगी सिद्ध होगी। इसके अतिरिक्त इस पुस्तक के अन्तर्गत प्रत्येक प्रश्न का व्याख्यात्मक हल भी दिया गया है, जिससे अभ्यर्थियों को अपना हल जाँचने में सुविधा होगी।

हम आशा करते हैं कि यह पुस्तक आपकी आगामी परीक्षाओं में स्वर्णिम सफलता प्राप्त करने का प्रतीक बनेगी।

**प्रकाशक एवं लेखकगण**

# विषय-सूची


**सामान्य बुद्धि एवं तर्कशक्ति परीक्षण:** एक परिचय 1-28

- प्रैक्टिस सेट 1 29-35
- प्रैक्टिस सेट 2 36-42
- प्रैक्टिस सेट 3 43-49
- प्रैक्टिस सेट 4 50-57
- प्रैक्टिस सेट 5 58-64
- प्रैक्टिस सेट 6 65-71
- प्रैक्टिस सेट 7 72-78
- प्रैक्टिस सेट 8 79-86
- प्रैक्टिस सेट 9 87-94
- प्रैक्टिस सेट 10 95-101
- प्रैक्टिस सेट 11 102-108
- प्रैक्टिस सेट 12 109-115
- प्रैक्टिस सेट 13 116-122
- प्रैक्टिस सेट 14 123-129
- प्रैक्टिस सेट 15 130-136
- प्रैक्टिस सेट 16 137-143
- प्रैक्टिस सेट 17 144-150
- प्रैक्टिस सेट 18 151-157
- प्रैक्टिस सेट 19 158-164
- प्रैक्टिस सेट 20 165-171
- प्रैक्टिस सेट 21 172-178
- प्रैक्टिस सेट 22 179-185
- प्रैक्टिस सेट 23 186-192
- प्रैक्टिस सेट 24 193-199
- प्रैक्टिस सेट 25 200-206
- प्रैक्टिस सेट 26 207-213
- प्रैक्टिस सेट 27 214-220
- प्रैक्टिस सेट 28 221-228
- प्रैक्टिस सेट 29 229-235
- प्रैक्टिस सेट 30 236-242
- प्रैक्टिस सेट 31 243-250
- प्रैक्टिस सेट 32 251-257
- प्रैक्टिस सेट 33 258-264
- प्रैक्टिस सेट 34 265-271
- प्रैक्टिस सेट 35 272-278
- प्रैक्टिस सेट 36 279-284
- प्रैक्टिस सेट 37 285-291
- प्रैक्टिस सेट 38 292-298
- प्रैक्टिस सेट 39 299-304
- प्रैक्टिस सेट 40 305-311
- प्रैक्टिस सेट 41 312-318
- प्रैक्टिस सेट 42 319-325
- प्रैक्टिस सेट 43 326-332
- प्रैक्टिस सेट 44 333-338
- प्रैक्टिस सेट 45 339-346
- प्रैक्टिस सेट 46 347-353
- प्रैक्टिस सेट 47 354-359
- प्रैक्टिस सेट 48 360-366
- प्रैक्टिस सेट 49 367-373
- प्रैक्टिस सेट 50 374-380

# सामान्य बुद्धि एवं तर्कशक्ति परीक्षण : एक परिचय

सामान्य बुद्धि (General intelligence) को हम लोग हिन्दी में मानसिक योग्यता, तर्कशक्ति परीक्षण, तर्कणा शक्ति परीक्षण, तार्किक योग्यता आदि एवं अंग्रेजी में Mental ability, Reasoning, Reasoning ability आदि नामों से सम्बोधित करते हैं। यह परीक्षण हमारे मस्तिष्क की योग्यता को मापता है और यह बतलाता है कि हमारा मस्तिष्क किसी भी समस्या का समाधान करने में कितना समर्थ है। यदि हम इस तर्कशक्ति का ज्यादा-से-ज्यादा उपयोग करें, तो हमारा बौद्धिक स्तर धीरे-धीरे बहुत अधिक बढ़ जाएगा और हम कठिन-से-कठिन समस्याओं का समाधान शीघ्र ढूँढ़ लेंगे। सामान्य बुद्धि परीक्षण के अन्तर्गत प्रतियोगियों की मानसिक एवं मनोवैज्ञानिक जाँच होती है।

तर्कशक्ति परीक्षण (Reasoning) अपने आप में निम्नलिखित तथ्यों से समाहृत है

**R**—Remember and responsibility
**E**—Evaluate mental ability
**A**—Alertness and activity
**S**—Study under real and ideal direction
**O**—Organising power
**N**—Natural mental image
**I**—Improve thinking power
**N**—Noble mindedness
**G**—Good thought

सामान्य बुद्धि (General intelligence) अर्थात् तर्कशक्ति परीक्षण (Reasoning) को सुविधानुसार निम्न तीन भागों में विभक्त किया जा सकता है

I. भाषिक सामान्य बुद्धि परीक्षण या भाषिक तर्कशक्ति परीक्षण (Verbal test of general intelligence or verbal test of reasoning)
II. तार्किक अभियोग्यता एवं विश्लेषणात्मक योग्यता परीक्षण (Logical reasoning and analytical ability test)
II. अभाषिक सामान्य बुद्धि परीक्षण या अभाषिक तर्कशक्ति परीक्षण (Non-verbal test of general intelligence or non-Verbal test of reasoning)

## 1. भाषिक सामान्य बुद्धि परीक्षण या भाषिक तर्कशक्ति परीक्षण

### (Verbal Test of General Intelligence or Verbal Test of Reasoning)

भाषिक सामान्य बुद्धि परीक्षण के अन्तर्गत प्रतियोगी परीक्षाओं में जो प्रश्न पूछे जाते हैं, वे शब्दों अथवा संख्याओं में अंकित रहते हैं तथा इन प्रश्नों के उत्तर ढूँढने के लिए जो विकल्प दिए हुए होते हैं, वे भी शब्दों अथवा संख्याओं में ही वर्णित रहते हैं। भाषिक सामान्य बुद्धि परीक्षण विशुद्ध तर्क पर ही आधारित होता है। यदि कोई व्यक्ति यह कहता है कि, "आज आसमान में बादल छाए हुए हैं।" इसका सीधा अर्थ यह निकलता है कि आज वर्षा होगी। इस प्रकार भाषिक सामान्य बुद्धि परीक्षण भाषा एवं तर्क के मेल से बनता है।

आजकल प्रतियोगी परीक्षाओं में भाषिक सामान्य बुद्धि परीक्षण के प्रश्नों के स्वरूप एवं शैली में काफी विविधताएँ आई हैं और इसमें बढ़ोतरी की ओर भी पर्याप्त सम्भावनाएँ हैं। अतः आपको इसका अध्ययन ध्यानपूर्वक करना चाहिए।

भाषिक सामान्य बुद्धि परीक्षण के अन्तर्गत निम्नलिखित प्रकार के प्रश्न पूछे जा सकते हैं

1. अंग्रेजी वर्णमाला परीक्षण (English alphabet test)
2. शब्द निर्माण या संरचना परीक्षण (Word formation test)
3. शब्दों का अर्थपूर्ण क्रम परीक्षण (Arrangement of words in a logical order test)
4. औपबन्धिक संख्या/अक्षर परीक्षण (Conditional number/letter test)
5. सांकेतिक भाषा परीक्षण (Coding and decoding test)
6. श्रृंखला परीक्षण (Series test)
7. सह-सम्बन्ध या सादृश्यता परीक्षण (Relation or analogy test)
8. वर्गीकरण या विजातीय परीक्षण (Classification or odd one out test)
9. रक्त सम्बन्ध परीक्षण (Blood relation test)
10. दिशा एवं दूरी परीक्षण (Direction and distance test)
11. क्रम व्यवस्था परीक्षण (Ranking test)
12. बैठकी व्यवस्थीकरण परीक्षण (Sitting arrangement test)
13. घन तथा घनाभ परीक्षण (Cube and cuboid test)
14. पासा परीक्षण (Dice test)
15. घड़ी, कैलेण्डर एवं समय परीक्षण (Clock, calendar and time test)
16. गणितीय संक्रियाएँ परीक्षण (Mathematical operations test)
17. गणितीय परीक्षण (Mathematical test)
18. पहेली परीक्षण (Puzzle test)
19. आरेख विश्लेषण परीक्षण (Diagram analysis test)
20. तार्किक वेन आरेख परीक्षण (Logical Venn diagram test)
21. लुप्त पदों को भरना परीक्षण (Inserting the missing character test )
22. आव्यूह परीक्षण (Matrix test)

# अंग्रेजी वर्णमाला परीक्षण
(English Alphabet Test)

अंग्रेजी वर्णमाला परीक्षण के अन्तर्गत अंग्रेजी वर्णमाला में स्थित अक्षरों के स्थानीय मान के आधार पर अक्षरों की स्थिति का अवलोकन या किसी निश्चित क्रम पर स्थित अक्षर या किसी निश्चित क्रम पर स्थित अक्षर से परिवर्तित किए गए अक्षर/वर्णमाला क्रम के अवलोकन से सम्बन्धित प्रश्न पूछे जाते हैं। अंग्रेजी वर्णमाला पर आधारित प्रश्नों को हल करने के लिए अंग्रेजी वर्णमाला से सम्बन्धित निम्नलिखित तथ्यों की जानकारी अतिआवश्यक है

1. **अंग्रेजी वर्णमाला** अंग्रेजी अक्षर *A* से *Z* तक के सुव्यवस्थित अक्षर क्रम को अंग्रेजी वर्णमाला कहते हैं। अंग्रेजी वर्णमाला में कुल 26 अक्षर होते हैं।
2. **अंग्रेजी वर्णमाला क्रम** अंग्रेजी अक्षर *A* से *Z* की ओर अक्षर के बढ़ते क्रम को अंग्रेजी वर्णमाला क्रम कहते हैं।
   जैसे– $A \rightarrow B \rightarrow C \rightarrow \ldots\ldots Z$
3. **अंग्रेजी वर्णमाला विपरीत क्रम** अंग्रेजी अक्षर Z से *A* की ओर अक्षर के घटते क्रम को अंग्रेजी वर्णमाला विपरीत क्रम कहते हैं।
   जैसे– $Z \rightarrow Y \rightarrow X \rightarrow \ldots\ldots A$
4. **अंग्रेजी वर्णमाला का अर्द्धांश** अंग्रेजी अक्षर *A* से *M* तक के अक्षरों के सुव्यवस्थित क्रम को अंग्रेजी वर्णमाला का प्रथम अर्द्धांश तथा अंग्रेजी अक्षर *N* से *Z* तक के अक्षरों के सुव्यवस्थित क्रम को अंग्रेजी वर्णमाला का द्वितीय अर्द्धांश कहते हैं। प्रत्येक अर्द्धांश में कुल तेरह अक्षर होते हैं।
5. **अंग्रेजी वर्णमाला में स्वर तथा व्यंजन** अंग्रेजी वर्णमाला में कुल 26 अक्षर होते हैं। अंग्रेजी वर्णमाला में 5 स्वर (A, E, I, O तथा U) तथा 21 व्यंजन होते हैं।
6. **विपरीत अक्षर** अंग्रेजी वर्णमाला में प्रत्येक अक्षर का एक विपरीत अक्षर होता है।
   जैसे– $A \rightleftharpoons Z, B \rightleftharpoons Y, C \rightleftharpoons X$ .....आदि।
7. **अक्षरों का दायाँ-बायाँ** हम लोगों का जिस ओर दायाँ होता है, उसी ओर अक्षर का दायाँ होता है तथा हम लोगों का जिस ओर बायाँ होता है, उसी ओर अक्षर का बायाँ होता है।
8. **आपके बाएँ से** आपके बाएँ से का अर्थ होता है–आपके बाएँ से दाएँ की ओर अर्थात् A से Z ($A \rightarrow Z$) की ओर।
9. **आपके दाएँ से** आपके दाएँ से का अर्थ होता है–आपके दाएँ से बाएँ की ओर अर्थात् *Z* से *A* ($A \leftarrow Z$) की ओर।
10. **बाईं ओर** बाईं ओर का अर्थ है–दाईं से बाईं की ओर अर्थात् *Z* से A ($A \leftarrow Z$) की ओर।
11. **दाईं ओर** दाईं ओर का अर्थ होता है–बाईं से दाईं ओर अर्थात् *A* से *Z* ($A \rightarrow Z$) की ओर।

## उदाहरण

**1.** अंग्रेजी वर्णमाला में अक्षर *M* के ठीक बाएँ ओर कौन-सा अक्षर होगा?
(a) O (b) L (c) N (d) K

**2.** यदि अंग्रेजी वर्णमाला को विपरीत क्रम में लिखा जाए, तो अक्षर *M* के ठीक बाईं ओर कौन-सा अक्षर होगा?
(a) O (b) L (c) N (d) K

**3.** शृंखला S P Q δ G 8 ★ K B $ ↑ M T ∧ θ $ Z C Σ N A Ψ ● J L # में संकेत Q से प्रारम्भ करते हुए प्रत्येक एकान्तर (alternate) संकेतों को विलुप्त कर दिया जाए, तो आपके बाएँ से 8वाँ संकेत नीचे दिए गए संकेतों में से कौन-सा संकेत होगा?
(a) $ (b) Z (c) C (d) ∧

**4.** शब्द CHAIRS में कितने ऐसे अक्षर-युग्म हैं, जिनके बीच यहाँ उतने ही अक्षर उपस्थित हैं, जितने कि अंग्रेजी वर्णमाला में इनके बीच होते हैं?
(a) एक (b) दो
(c) तीन (d) चार

**5.** शब्द 'DETERMINATION' के अक्षरों के क्रम को बिना परिवर्तित किए तथा एक अक्षर का केवल एक ही बार प्रयोग करते हुए कितने स्वतन्त्र शब्द बनाए जा सकते हैं?
(a) एक (b) दो
(c) तीन (d) चार

## उत्तर (व्याख्या सहित)

**1.** (b) 13
$M - 1 = 12 \Rightarrow L$

**2.** (c) 13
$M + 1 = 14 \Rightarrow N$

**3.** (d) S P Q δ G 8 ★ K B $ ↑ M T ∧ θ S Z C Σ N A Ψ ● J L #
नई शृंखला
S P δ 8 K $ M [∧] $ C N ψ J #
बाएँ से 8वाँ

यहाँ आप देख रहे हैं कि प्रश्नानुसार संकेतों को विलुप्त करने पर बाएँ से 8वाँ आपको ∧ प्राप्त हो रहा है।

**4.** (b) CHAIRS
B

यहाँ आप देख रहे हैं कि ऐसे जोड़े C–A तथा R–S हैं। 'CHAIRS' शब्द में C तथा A के मध्य केवल एक अक्षर 'H' है। अंग्रेजी वर्णमाला में भी इन दोनों अक्षरों के मध्य केवल एक ही अक्षर B होता है। इसी प्रकार, इस शब्द में R तथा S के मध्य एक भी अक्षर नहीं है। अंग्रेजी वर्णमाला में भी इन दोनों अक्षरों के मध्य एक भी अक्षर नहीं होता है।

**5.** (b) DETER MI NATION या DE TERM I NATION
यहाँ आप देख रहे हैं कि 'DETERMINATION' शब्द से केवल दो स्वतन्त्र अर्थपूर्ण शब्द DETER और 'NATION' या TERM और NATION बनाए जा सकते हैं।

# शब्द निर्माण या संरचना परीक्षण
(Word Formation Test)

शब्द निर्माण परीक्षण में किसी दिए गए शब्द के अक्षरों से दिए गए विकल्पों में से कौन-से विकल्प का शब्द बन सकता है या कौन-से विकल्प का शब्द नहीं बन सकता है, पूछा जाता है। कुछ प्रश्नों में दिए गए शब्द के निर्देशित अक्षरों द्वारा कोई अर्थपूर्ण शब्द बनाना होता है तथा उस अर्थपूर्ण शब्द में प्रारम्भिक या अन्तिम या निर्देशानुसार बीच का कोई अक्षर प्रश्न के रूप में पूछा जाता है, जिसका आपको दिए गए विकल्पों में से उचित उत्तर चुनना होता है। ऐसा प्रश्न आपके अक्षर एवं शब्दों के ज्ञान को जाँचने के लिए पूछा जाता है।

## उदाहरण

**निर्देश** (प्र. सं. १-२) *निम्नलिखित प्रत्येक प्रश्न में दिए गए वैकल्पिक शब्दों में से उस शब्द को चुनिए जो दिए गए शब्द के अक्षरों के प्रयोग द्वारा नहीं बनाया जा सकता।*

**1.** BEAUTIFUL
(a) LIFE (b) FULL (c) BEAT (d) FUTILE

**2.** LINEAR
(a) EAR (b) NEAT (c) LINE (d) NEAR

**निर्देश** (प्र. सं. ३-४) *निम्नलिखित प्रत्येक प्रश्न में बड़े अक्षरों में एक शब्द दिया गया है, जिसके पश्चात् चार शब्द उत्तर के रूप में दिए गए हैं। एक ही विकल्प ऐसा है, जो दिए गए अक्षरों से बनाया जा सकता है। उस विकल्प को ज्ञात कीजिए।*

**3.** CLASSIFICATION
(a) FICTION (b) SALE
(c) CLASH (d) CLASSIFIED

**4.** RATIONALISATION
(a) NATIONALISTIC (b) NATIONALIST
(c) SITUATION (d) REALISATION

**5.** यदि 'CONTRACT' शब्द के पहले, दूसरे, चौथे, पाँचवे और छठे अक्षर से एक अर्थपूर्ण शब्द बनता है, जिसका पहला अक्षर *A* है, तो उस शब्द के मध्य में कौन-सा अक्षर होगा?
(a) A (b) C (c) T (d) O

## उत्तर (व्याख्या सहित)

**1.** (b) 'BEAUTIFUL' शब्द में चूँकि *L* अक्षर केवल एक ही है। इसलिए FULL शब्द नहीं बनाया जा सकता है, क्योंकि इस अक्षर का प्रयोग दो बार हो रहा है।

**2.** (b) 'LINEAR' शब्द में चूँकि T अक्षर नहीं है। इसलिए NEAT शब्द नहीं बनाया जा सकता।

**3.** (a) विकल्प (b) में 'E' अक्षर का प्रयोग, विकल्प (c) में 'H' अक्षर का प्रयोग तथा विकल्प (d) में 'E' तथा 'D' अक्षर का प्रयोग हुआ है, जो दिए गए मूल शब्द में नहीं है। अतः 'FICTION' शब्द ही दिए गए मूल शब्द के अक्षरों से बन सकता है, क्योंकि इसमें उपस्थित सभी अक्षर मूल शब्द में हैं।

**4.** (b) विकल्प (a) में 'C' अक्षर का प्रयोग, विकल्प (c) में 'U' अक्षर का प्रयोग तथा विकल्प (d) में 'E' अक्षर का प्रयोग हुआ है, जो दिए गए मूल शब्द में नहीं हैं। अतः विकल्प (b) 'NATIONALIST' शब्द ही दिए गए मूल शब्द के अक्षरों से बन सकता है, क्योंकि इसमें उपस्थित सभी अक्षर मूल शब्द में हैं।

**5.** (c) C O N T R A C T
प्रश्नानुसार, पहला अक्षर *A* से आरम्भ करके अर्थपूर्ण शब्द 'ACTOR' बनेगा जिसका मध्य अक्षर *T* है।

# शब्दों का अर्थपूर्ण क्रम परीक्षण
(Arrangement of Words in a Meaningful Order Test)

शब्दों का अर्थपूर्ण क्रम परीक्षण के अन्तर्गत शब्दों को क्रमबद्ध करना होता है, जो दो प्रकार से हो सकता है

1. सार्थक क्रम के अनुसार शब्दों को तार्किक क्रम में व्यवस्थित करके।
2. अक्षरों की स्थिति के अनुसार शब्दकोश की भाँति दिए गए अक्षरों को व्यवस्थित करके तथा उसके बाद पूछे गए क्रम के अक्षर को ज्ञात करके।

## उदाहरण

**निर्देश** (प्र. सं. १-३) *निम्नलिखित प्रत्येक प्रश्न में दिए गए चार विकल्पों में से कौन-सा विकल्प शब्दों का सार्थक क्रम दर्शाता है?*

**1.** 1. नींव रखना 2. पलस्तर करना
3. निर्माण करना 4. पेन्ट करना
(a) 1, 2, 3, 4 (b) 1, 3, 2, 4
(c) 3, 1, 2, 4 (d) 3, 1, 4, 2

**2.** 1. परिवार 2. समुदाय 3. सदस्य 4. इलाका 5. देश
(a) 3, 1, 4, 2, 5 (b) 3, 1, 2, 4, 5
(c) 3, 1, 2, 5, 4 (d) 3, 1, 4, 5, 2

**3.** 1. वर्ग 2. रेखा 3. कोण 4. त्रिभुज 5. बिन्दु
(a) 1, 3, 4, 5, 2 (b) 5, 2, 3, 4, 1
(c) 3, 1, 4, 5, 2 (d) 4, 2, 3, 1, 5

**4.** निम्नलिखित शब्दों को बढ़ते क्रम में रखने पर चौथा शब्द कौन-सा होगा?
प्रौढ़, यौवन, किशोरावस्था, शैशवावस्था, बचपन
(a) किशोरावस्था (b) यौवन
(c) शैशवावस्था (d) प्रौढ़

**5.** निम्नलिखित शब्दों को शब्दकोश के क्रम में व्यवस्थित करने पर अन्तिम शब्द कौन-सा होगा?
(a) Plane (b) Plain
(c) Player (d) Place

### उत्तर (व्याख्या सहित)

1. (b) शब्दों का सार्थक क्रम निम्नवत् है 1.नींव रखना 3. निर्माण करना, 2. पलस्तर करना 4. पेन्ट करना
2. (b) शब्दों का सार्थक क्रम निम्नवत् है 3. सदस्य, 1. परिवार, 2. समुदाय, 4. इलाका, 5. देश।
3. (b) शब्दों का सार्थक क्रम निम्नवत् है 5. बिन्दु, 2. रेखा, 3. कोण, 4. त्रिभुज, 1. वर्ग।
4. (b) सार्थक अनुक्रम है शैशवावस्था, बचपन, किशोरावस्था, यौवन, प्रौढ़। अतः यौवन क्रम का चौथा शब्द है।
5. (c) क्रमबद्ध करने पर, Place, Plain, Plane, Player अतः अन्तिम शब्द Player है।

# औपबन्धिक संख्या/अक्षर परीक्षण
## (Conditional Number/Letter Test)

वह संख्या/अक्षर, जो दी गई संख्याओं/अक्षरों के समूह में से किसी निश्चित निर्धारित शर्त के अनुरूप एक विशेष निश्चित संख्या/अक्षर होती है, उसे औपबन्धिक संख्या/अक्षर कहते हैं।

इस परीक्षण में एक संख्याओं/अक्षरों की शृंखला दी गई होती है, जिनमें से आपको प्रश्न में दी गई निर्धारित शर्तों के अनुरूप किसी विशेष निश्चित संख्या/अक्षर को ज्ञात करते हुए उस संख्या/अक्षर की कुल संख्या ज्ञात करनी होती है।

### उदाहरण

1. नीचे दी गई शृंखला में लगातार तीन V कितनी बार आया है?
V S V S S V V S V S V V VA A V S V S S V V V S
(a) 1 (b) 2 (c) 3 (d) 4
2. अक्षरों की निम्न सूची में कितने P ऐसे हैं, जिनके पहले S और आगे R आता है?
S J A S P R B K T D U L C S P R D M V C N E S P R F O W B P G S P R H Q X A Z Y R S P R
(a) 3 (b) 4 (c) 5 (d) 6
3. उस श्रेणी को चुनें, जिसमें पास-पास के अक्षरों के मध्य छोड़े गए अक्षरों की संख्या क्रमशः घटती जाती है?
(a) AGMRV (b) HNSWA
(c) NSXCH (d) SYDHK
4. निम्नलिखित शृंखला में ऐसे कितने 6 हैं, जिनके तत्काल पहले 2 नहीं है, परन्तु तत्काल बाद 8 है?
3 6 8 4 9 2 6 8 3 6 8 7 6 8 2 6 8 4 2 6 5 3 8 4
(a) 2 (b) 3 (c) 4 (d) 5
5. निम्नलिखित शृंखला में 1, 3 और 7 कितनी बार एकसाथ इस प्रकार क्रमबद्ध हैं कि 7 मध्य में हो तथा 1 और 3, 7 के दोनों बगल में हों?
2 9 7 3 1 7 3 7 7 1 3 3 1 7 3 8 5 7 1 3 7 7 1 7 3 9 0 6
(a) 2 (b) 3 (c) 4 (d) 5

### उत्तर (व्याख्या सहित)

1. (b) दी गई शृंखला
V S V S S V V S V S V V V A A V S V S S V V V S
में लगातार तीन V दो बार आए हैं।
2. (c) दी गई शृंखला
S J A S P R B K T D U L C S P R D M V C N E S P R F O W B P G S P R H Q X A Z Y R S P R
में पाँच 'P' ऐसे हैं जिनके पहले S और आगे R आया है।
3. (d) विकल्प (d) से,
S T U V W X Y Z A B C D E F G H I J K
(S→Y: 5, Y→D: 4, D→H: 3, H→K: 2)
इस प्रकार S और Y के बीच 5 अक्षर, Y और D के बीच 4 अक्षर, D और H के बीच 3 अक्षर तथा H और K के बीच 2 अक्षर छूटे हैं।
4. (b) दी गई शृंखला
3 6 8 4 9 2 6 8 3 6 8 7 6 8 2 6 8 4 2 6 5 3 8 4
में तीन 6 ऐसे हैं, जिनके तत्काल पहले 2 नहीं है, परन्तु तत्काल बाद 8 है।
5. (b) दी गई शृंखला– 2 9 7 3 1 7 3 7 7 1 3 3 1 7 3 8 5 7
1 3 7 7 1 7 3 9 0 6
में तीन 7 ऐसे हैं, जिनके ठीक पहले 1 है तथा ठीक बाद में 3 है।

# सांकेतिक भाषा परीक्षण
## (Coding and Decoding Test)

किसी अर्थपूर्ण शब्द को एक विशेष नियमानुसार अर्थविहीन शब्द या अक्षर में परिवर्तित करने की क्रिया को कूट लेखन (Coding) तथा किसी अर्थविहीन शब्द या अक्षर को एक विशेष नियमानुसार अर्थपूर्ण शब्द में परिवर्तित करने की क्रिया को कूट वाचन (Decoding) कहते हैं। इसका प्रयोग गुप्त सूचनाओं के आदान-प्रदान में होता है। किसी सूचना के कूट लेखन (Coding) करने तथा कूट वाचन (Decoding) करने में जिस मानसिक क्रिया का सहारा लेना पड़ता है, उसके मापन हेतु ऐसे प्रश्न निर्दिष्ट होते हैं, जिनसे सम्बद्ध प्रश्न सामान्य अंग्रेजी वर्णमाला तथा उनकी संगत संख्याओं (क्रम संख्याओं) पर आधारित होते हैं। कूट लेखन तथा कूट वाचन के अन्तर्गत निम्न प्रकार के प्रश्न पूछे जाते हैं

1. अक्षरों का कोड अक्षरों के रूप में
2. अक्षरों का कोड विपरीत अक्षरों के रूप में
3. अक्षरों का कोड संख्याओं के रूप में
4. अक्षरों का कोड चिन्हों के रूप में
5. अक्षरों का कोड मिश्रित रूप में
6. अक्षरों का कोड शब्दों, संख्याओं या अक्षरों के रूप में
7. अक्षरों के स्थानों में परिवर्तन द्वारा
8. शब्द प्रतिस्थापन द्वारा 9. तुलना द्वारा

## उदाहरण

**1.** यदि किसी कूट भाषा में 'BEFORE' के लिए 'FEBERO' लिखा जाता हो, तो 'JUNGLE' को उसी कूट भाषा में क्या लिखा जाएगा?
(a) KUEJLG (b) JELGNU
(c) NUJELG (d) NUELGJ

**2.** यदि किसी कूट भाषा में 'HONEST' को 'INODTS' लिखा जाता है, तो उसी भाषा में 'STRIKE' को कैसे लिखा जाएगा?
(a) STTHLD (b) TSSHLD
(c) TSTHLD (d) STSHLD

**3.** यदि किसी कूट भाषा में 'LOSE' को 'MQVI' लिखा जाता है, तो 'GAIN' को उसी भाषा में कैसे लिखा जाएगा?
(a) HLCR (b) GCLR
(c) HCLS (d) HCLR

**4.** यदि 'हवा' को 'जल' कहा जाए, 'जल' को 'हरा' कहा जाए, 'हरे' को 'धूल' कहा जाए, 'धूल' को 'पीला' कहा जाए और 'पीले' को 'बादल' कहा जाए, तो मछली कहाँ रहेगी?
(a) जल (b) हवा (c) पीला (d) हरा

**5.** किसी कूट भाषा में '253' का अर्थ 'Books are old', '546' का अर्थ 'Man is old' और '378' का अर्थ 'Buy good books' हो, तो इस कूट भाषा में 'are' के लिए कौन-सी संख्या प्रयुक्त की गई है?
(a) 8 (b) 3 (c) 5 (d) 2

## उत्तर (व्याख्या सहित)

**1.** (c) जिस प्रकार, उसी प्रकार,




JUNGLE को NUJELG लिखा जाएगा।

**2.** (b) जिस प्रकार,




उसी प्रकार,




'STRIKE' को 'TSSHLD' लिखा जाएगा।

**3.** (d) जिस प्रकार,




उसी प्रकार,




'GAIN' को 'HCLR' लिखा जाएगा।

**4.** (d) हम जानते हैं कि 'मछली' जल में रहती है। कथन में 'जल' को 'हरा' कहा गया है, इसलिए कथनानुसार, मछली हरे में रहेगी।

**5.** (d) 253 → Books are old ...(i)
546 → Main is old ...(ii)
378 → Buy good books ... (iii)
तो are ⇒?

यहाँ आप देख रहे हैं कि समी (i) एवं (iii) में शब्द books तथा संख्यांकिक कूट '3' एवं समी (i) एवं (ii) में शब्द 'Old' तथा संख्यांकिक कूट '5' समान (Common) हैं।

अतः समी (i) एवं समी (iii) तथा समी (i) एवं (ii) से,
Books ⇒ 3 तथा old ⇒ 5

इसी प्रकार ध्यान देने पर आप यहाँ देख रहे हैं कि समी (i) में अब केवल शब्द 'are' तथा सांख्यांकिक कूट '2' शेष बचे हुए हैं।

अब समी (i) से स्पष्ट है कि are ⇒ 2

# श्रृंखला परीक्षण
(Series Test)

किसी विशेष समूह में स्थित अक्षरों या संख्याओं के सुव्यवस्थित क्रम को श्रृंखला कहते हैं।

इस परीक्षण में कुछ अक्षर या संख्याएँ दी हुई होती हैं। इन अक्षरों अथवा संख्याओं से एक श्रेणी बनती है, अर्थात् ये बाईं ओर से दाईं ओर विशेष क्रम में बदलते हैं। श्रेणी में एक या एक से अधिक रिक्त स्थान होते हैं। आपको यह ज्ञात करना होता है कि यदि अक्षर या संख्या इसी क्रम में बदलते रहें तो रिक्त स्थान पर कौन-सा अक्षर या संख्या होगी। कुछ प्रश्नों में एक श्रृंखला किसी नियम के आधार पर दी गई होती है, जिसमें से कोई एक उस नियम का पालन नहीं करता है और इस प्रकार श्रृंखला में गलत पद होता है, जिसे आपको दिए गए विकल्पों में से चुनना होता है।

ये प्रश्न निम्नलिखित पर आधारित होते हैं

1. **अंग्रेजी वर्णमाला पर आधारित प्रश्न** अंग्रेजी वर्णमाला पर आधारित प्रश्न निम्न प्रकार के होते हैं

(i) अंग्रेजी वर्णमाला में अक्षरों की स्थिति ज्ञात करना।
(ii) किसी निश्चित पद्धति में लुप्त या प्रश्नांकित अक्षर या पद ज्ञात करना।
(iii) किसी निश्चित पद्धति में आए गलत अक्षर या पद ज्ञात करना।
(iv) अंग्रेजी वर्णमाला का एक निश्चित पद्धति पर समूहीकरण द्वारा अक्षर शृंखला ज्ञात करना।

2. **संख्या श्रेणी पर आधारित प्रश्न** संख्या शृंखला के प्रश्न निम्नलिखित प्रकार के होते हैं

(i) वर्ग एवं घन शृंखला (ii) गुणन-क्रिया शृंखला
(iii) एकान्तर शृंखला (iv) समुदाय शृंखला
(v) अन्तर शृंखला (vi) मिश्रित शृंखला

संख्या शृंखला के अन्तर्गत प्रश्न दो प्रकार से पूछे जाते हैं
(a) अगली, रिक्त या प्रश्नांकित संख्या ज्ञात करना।
(b) शृंखला में स्थित गलत संख्या ज्ञात करना।

## उदाहरण

**1.** निम्नलिखित अक्षरों की शृंखला में प्रश्नवाचक चिन्ह (?) के स्थान पर नीचे दिए गए विकल्पों में से कौन-सा अक्षर आएगा?

Y, V, S, P, M,?

(a) I (b) J (c) K (d) H

**2.** निम्नलिखित अक्षरों की शृंखला में प्रश्नवाचक चिन्ह (?) के स्थान पर नीचे दिए गए विकल्पों में से कौन-सा अक्षर समूह आएगा? DIL GLO JOR?

(a) GJM (b) PSV
(c) EHK (d) MRU

**3.** निम्नलिखित अक्षरों की शृंखला में नीचे दिए गए विकल्पों में से शृंखला के लुप्त अक्षरों के सही अक्षर क्रम को ज्ञात कीजिए।

aaa__bb__aab__baaa__bb

(a) abab (b) bbaa
(c) babb (d) baab

**4.** निम्नलिखित संख्याओं की शृंखला में प्रश्नवाचक चिन्ह (?) के स्थान पर नीचे दिए गए चार विकल्पों में से कौन-सी संख्या आएगी?

11, 13, 17, 19, 23 , 25,?

(a) 25 (b) 27
(c) 29 (d) 31

**5.** निम्नलिखित संख्याओं की शृंखला में कौन-सी संख्या गलत है?

8, 14, 26, 48, 98, 194

(a) 14 (b) 26
(c) 48 (d) 98

## उत्तर (व्याख्या सहित)

**1.** (b) Y →(−3) V →(−3) S →(−3) P →(−3) M →(−3) [J]

प्रश्नवाचक चिन्ह के स्थान पर अंग्रेजी अक्षर J आएगा।

**2.** (d)
D(4) →(+3) G(7) →(+3) J(10) →(+3) [M(13)]
I(9) →(+3) L(12) →(+3) O(15) →(+3) [R(18)]
L(12) →(+3) O(15) →(+3) R(18) →(+3) [U(21)]

प्रश्नवाचक चिन्ह के स्थान पर अक्षर समूह MRU आएगा।

**3.** (c) aaa/ bbb/ aaa/ bbb/ aaa/ bbb
शृंखला में aaa/bbb क्रमशः तीन बार दोहराए गए हैं।
अतः आपका उत्तर babb है।

**4.** (c)
11 →(+2) 13 →(+4) 17 →(+2) 19 →(+4) 23 →(+2) 25 →(+4) [29]

प्रश्नवाचक चिन्ह के स्थान पर संख्या 25 + 4 = 29 होनी चाहिए।

**5.** (c)
8 →(×2−2) 14 →(×2−2) 26 →(×2−2) [48] (50) →(×2−2) 98 →(×2−2) 194

दी गई शृंखला में संख्या 48 गलत है, क्योंकि संख्या 48 के स्थान पर $26 \times 2 - 2 = 50$ होनी चाहिए।

# सह-सम्बन्ध या सादृश्यता परीक्षण
(Relation or Analogy Test)

सादृश्य का अर्थ है—समानता या सह-सम्बन्ध या समता मूलक। किसी वस्तु/शब्द/संख्या के किसी अन्य वस्तु/शब्द/संख्या से गुण, रूप, आकार, प्रकार, लक्षण आदि में किसी भी प्रकार से निहित समानता को सादृश्यता कहते हैं।

इस परीक्षण के अन्तर्गत शब्दों या शब्द समूहों की समानता पर आधारित प्रश्न पूछे जाते हैं। इस प्रकार के परीक्षण में दो दी गई वस्तुओं, शब्दों या संख्याओं के सम्बन्धों पर विचार करते हुए दिए गए विकल्पों में से एक ऐसा शब्द या संख्या ज्ञात करना होता है, जिसका सम्बन्ध तीसरे से वैसा ही स्थापित हो, जो दिए गए पहले दो शब्दों या संख्याओं के बीच में है। ये प्रश्न कई सम्बन्धों पर आधारित हो सकते हैं, जिनमें से कुछ प्रमुख निम्न हैं

1. **विषय और अध्ययन सम्बन्ध**
*उदाहरण*—एपीकल्चर : मधुमक्खी
*व्याख्या*—एपीकल्चर के अन्तर्गत मधुमक्खी पालन से सम्बन्धित समस्त पहलुओं का अध्ययन किया जाता है।

2. **वैज्ञानिक उपकरण तथा मापन सम्बन्ध**
*उदाहरण*—बैरोमीटर : वायुमण्डलीय दाब
*व्याख्या*—बैरोमीटर एक उपकरण है, जिससे वायुमण्डलीय दाब का मापन होता है।

3. **भौतिक राशि तथा इकाई सम्बन्ध**
*उदाहरण*—कार्य : जूल
*व्याख्या*—जूल, कार्य की इकाई है।

4. **जन्तु तथा बच्चा सम्बन्ध**
*उदाहरण*—भेड़ : मेमना
*व्याख्या*—भेड़ के बच्चे को मेमना कहते हैं।
5. **जन्तु तथा बोली सम्बन्ध**
*उदाहरण*—कौवा : काँव-काँव
*व्याख्या*—कौवा काँव-काँव की आवाज निकालता है।
6. **नर तथा मादा सम्बन्ध**
*उदाहरण*—पुरुष : स्त्री
*व्याख्या*—पुरुष नर है, जबकि स्त्री मादा है।
7. **पुरुषवाचक तथा स्त्रीवाचक सम्बन्ध**
*उदाहरण*—शेर : शेरनी
*व्याख्या*—शेर पुरुषवाचक है, जबकि शेरनी स्त्रीवाचक है।
8. **शब्द तथा विलोम शब्द सम्बन्ध**
*उदाहरण*—कोमल : कठोर
*व्याख्या*—कोमल का विलोम कठोर होता है।
9. **शब्द तथा समानार्थी शब्द सम्बन्ध**
*उदाहरण*—माफ : क्षमा
*व्याख्या*—माफ का समानार्थी शब्द क्षमा होता है।
10. **शब्द तथा क्रिया सम्बन्ध**
*उदाहरण*—पढ़ना : विद्या
*व्याख्या*—पढ़ने के बाद विद्या आती है।
11. **शब्द तथा मात्रा सम्बन्ध**
*उदाहरण*—शब्द : शब्दकोश
*व्याख्या*—शब्दों को मिलाकर शब्दकोश बनता है।
12. **व्यवसायी तथा औजार सम्बन्ध**
*उदाहरण*—किसान : हल
*व्याख्या*—किसान हल द्वारा खेतों को जोतता है।
13. **औजार तथा उपयोग सम्बन्ध**
*उदाहरण*—कलम : लिखना
*व्याख्या*—कलम से लिखा जाता है।
14. **कामगार तथा उत्पाद सम्बन्ध**
*उदाहरण*—दर्जी : कपड़ा
*व्याख्या*—दर्जी का सम्बन्ध कपड़े सिलने से होता है।
15. **औजार तथा प्रयोग सम्बन्ध**
*उदाहरण*—चाकू : काटना
*व्याख्या*—चाकू का इस्तेमाल किसी वस्तु को काटने के लिए होता है।
16. **उत्पाद तथा कच्चा पदार्थ सम्बन्ध**
*उदाहरण*—घी : दूध
*व्याख्या*—घी दूध से तैयार होता है।
17. **देश तथा राजधानी उत्पाद**
*उदाहरण*—भारत : नई दिल्ली
*व्याख्या*—भारत की राजधानी नई दिल्ली है।
18. **देश तथा राष्ट्रीय प्रतीक सम्बन्ध**
*उदाहरण*—भारत : अशोक चक्र
*व्याख्या*—भारत का राष्ट्रीय प्रतीक अशोक चक्र है।
19. **देश तथा राष्ट्रीय मुद्रा सम्बन्ध**
*उदाहरण*—बांग्लादेश : टका
*व्याख्या*—बांग्लादेश की मुद्रा टका है।
20. **देश तथा नदी सम्बन्ध**
*उदाहरण*—इटली : टाइबर
*व्याख्या*—इटली की मुख्य नदी टाइबर है।
21. **देश तथा जनजाति सम्बन्ध**
*उदाहरण*—अमेरिका : रेड इण्डियन
*व्याख्या*—रेड इण्डियन अमेरिका में निवास करने वाली एक जनजाति का नाम है।
22. **देश तथा राष्ट्रीय खेल सम्बन्ध**
*उदाहरण*—जापान : जूडो
*व्याख्या*—जापान का राष्ट्रीय खेल जूडो है।
23. **वस्तु तथा स्थान सम्बन्ध**
*उदाहरण*—ताजमहल : आगरा
*व्याख्या*—ताजमहल आगरा में अवस्थित है।
24. **प्रतीक तथा क्षेत्र/भाव/वस्तु सम्बन्ध**
*उदाहरण*—कमल : संस्कृति और सभ्यता
*व्याख्या*—कमल संस्कृति और सभ्यता का प्रतीक है।
25. **धर्म तथा पूजा का स्थल/धार्मिक पुस्तक सम्बन्ध**
*उदाहरण*—सिख : गुरुद्वारा
*व्याख्या*—सिख धर्म का पूजा स्थल गुरुद्वारा होता है।
26. **कारण तथा प्रभाव सम्बन्ध**
*उदाहरण*—युद्ध : विनाश
*व्याख्या*—युद्ध के परिणामस्वरूप विनाश होता है।

## उदाहरण

**1.** जिस प्रकार श्रमिक का सम्बन्ध 'पारिश्रमिक' से होता है, उसी प्रकार 'उद्यमी' का सम्बन्ध किससे होता है?
(a) वेतन (b) बोनस (c) स्वामित्व (d) लाभ

**2.** बर्फ : पानी : : ठोस :?
(a) द्रव (b) तत्व (c) यौगिक (d) घोल

**3.** कबूतर : शान्ति : : ?
(a) ताज : सिर (b) श्वेत ध्वज : आत्मसमर्पण
(c) युद्ध : स्वतन्त्रता (d) जयपत्र : जीत

**4.** VIJAY : YAJIV : : SHANKAR : ?
(a) RANKAHS (b) RAKANHS
(c) RAKNAHS (d) RAKNASH

**5.** 05 : 20 : : 06 : ?
(a) 22 (b) 42 (c) 30 (d) 40

## उत्तर (व्याख्या सहित)

**1.** (d) जिस प्रकार, 'श्रमिक' को काम करने के बदले में पारिश्रमिक मिलता है; उसी प्रकार, 'उद्यमी' को काम करने के बदले में लाभ मिलता है।

**2.** (a) जिस प्रकार, 'बर्फ' पिघलने पर 'पानी' में परिवर्तित हो जाती है; उसी प्रकार, 'ठोस' पिघलने पर 'द्रव' में परिवर्तित हो जाता है।

**3.** (b) जिस प्रकार 'कबूतर' शान्ति का प्रतीक है, उसी प्रकार 'श्वेत ध्वज' आत्मसमर्पण का प्रतीक है।

**4.** (c) जिस प्रकार,




उसी प्रकार,




अतः प्रश्नवाचक चिन्ह (?) के स्थान पर RAKNAHS आएगा।

**5.** (c) जिस प्रकार, $(5)^2 - 5 = 25 - 5 = 20$
उसी प्रकार, $(6)^2 - 6 = 36 - 6 = 30$
अतः प्रश्नवाचक चिन्ह (?) के स्थान पर 30 आएगा।

# वर्गीकरण या विजातीय परीक्षण
## (Classification or Odd One Out Test)

किसी वस्तु/शब्द/अक्षर/संख्या को उनके सामान्य गुण-धर्म, आकार, प्रकार, रूप, रंग, लक्षण एवं अन्य गुणों के आधार पर किसी समूह में वर्गीकृत करने की क्रिया को वर्गीकरण कहते हैं।

वर्गीकरण परीक्षण में चार शब्द/अक्षर/संख्या दी गई होती हैं, जिनमें से तीन शब्द/अक्षर/संख्या एक विशेष प्रकार से एक-दूसरे के समान होती हैं तथा एक शब्द/अक्षर/संख्या इन सबसे भिन्न होती है। आपको उसी भिन्न शब्द/अक्षर/संख्या को ज्ञात करना होता है।

वर्गीकरण के प्रश्नों को निम्न प्रकार से विभाजित किया जा सकता है

1. **शब्द सम्बन्धी वर्गीकरण**–इसके अन्तर्गत कुछ शब्द दिए गए होते हैं, जिनमें कोई आपसी सम्बन्ध होता है। इनमें से एक शब्द ऐसा होता है, जो शेष शब्दों से भिन्न (odd) होता है, जिसे आपको दिए गए विकल्पों में से चुनना होता है।

**उदाहरण**–(a) कृष्णा (b) कावेरी (c) नर्मदा (d) महानदी

**व्याख्या**–नर्मदा नदी के अतिरिक्त अन्य सभी नदियाँ बंगाल की खाड़ी में गिरती हैं। नर्मदा नदी अरब सागर में गिरती है। अतः आपका उत्तर (c) होगा।

2. **वर्णमाला सम्बन्धी वर्गीकरण** इसके अन्तर्गत अक्षरों के समूह में कोई एक विजातीय तथा अन्य सभी किसी दृष्टि से समान होते हैं। अक्षरों में व्याप्त भिन्नता ज्ञात करने के लिए आपको अन्य तीन अक्षरों में व्याप्त समानता को ज्ञात करना आवश्यक है, जिसके आधार पर विजातीय (भिन्न) अक्षर समूह अलग किया जा सकता है।

**उदाहरण**–(a) M (b) W (c) A (d) V

**व्याख्या**–'A' के अतिरिक्त अन्य सभी अक्षर व्यंजन हैं, जबकि 'A' अक्षर स्वर है। अतः आपका उत्तर (c) होगा।

3. **संख्या सम्बन्धी वर्गीकरण** इसके अन्तर्गत प्रश्न, संख्याओं तथा प्रयुक्त अंकों के विविध गुणों; जैसे–अंकों के योग, अंकों के आवर्तन, अंकों की विभाज्यता तथा अविभाज्यता, सम तथा विषम संख्या, अंकों के घटते तथा बढ़ते क्रम, अंकों के वर्ग तथा घन आदि पर आधारित होते हैं।

**उदाहरण**–(a) 2 (b) 4 (c) 9 (d) 25

**व्याख्या**–संख्या 2 को छोड़कर अन्य सभी संख्याएँ पूर्ण वर्ग हैं। अतः आपका उत्तर (a) होगा।

## उदाहरण

**निर्देश** (प्र. सं. १-५) *निम्नलिखित चार शब्द/अक्षर/संख्याओं में तीन किसी-न-किसी प्रकार से एक समान हैं और इस प्रकार से ये अपने एक समूह का निर्माण करते हैं। आप बताएँ कि इनमें से कौन-सा एक ऐसा शब्द/अक्षर/संख्या है, जो अन्य तीनों से भिन्न है?*

**1.** (a) ईमानदारी (b) बुद्धिमानी (c) चतुराई (d) प्रतिष्ठा

**2.** (a) फूल-फल (b) बीज-पौधा (c) बगीचा-वृक्ष (d) लकड़ी-मेज

**3.** (a) OP (b) PQ (c) MN (d) XY

**4.** (a) 63 (b) 69 (c) 21 (d) 81

**5.** (a) 5 – 25 (b) 6 – 36 (c) 7 – 35 (d) 4 – 20

### उत्तर (व्याख्या सहित)

**1.** (d) 'प्रतिष्ठा' को छोड़कर अन्य सभी मानव के गुण हैं, जबकि प्रतिष्ठा मानव की विशिष्टता है।

**2.** (c) फूल से फल बनता है, बीज से पौधा बनता है, लकड़ी से मेज बनती है, जबकि बगीचे से वृक्ष नहीं बनता।

**3.** (a) 'OP' को छोड़कर अन्य सभी समूह में दोनों अक्षर व्यंजन हैं, जबकि 'OP' में पहला अक्षर 'O' एक स्वर है।

**4.** (d) '81' को छोड़कर अन्य सभी वर्ग संख्याएँ नहीं हैं, जबकि '81' एक वर्ग संख्या है।

**5.** (b) '6 – 36' को छोड़कर अन्य सभी संख्याओं के जोड़े में दाईं ओर की संख्या बाईं ओर की संख्या की पाँच गुनी है, जबकि '6 – 36' में छः गुनी है।

# रक्त सम्बन्ध परीक्षण
## (Blood Relation Test)

दो या दो से अधिक व्यक्तियों के बीच अपने पूर्वजों द्वारा किए गए संतानोत्पत्ति के आधार पर बनाए गए आपसी मधुर, सद्भावनापूर्ण सुदृढ़ रिश्तों या सम्बन्धों को रक्त सम्बन्ध कहते हैं।

इस परीक्षण में रिश्ते से सम्बन्धित ज्ञान की जाँच की जाती है। इसमें ऐसे प्रश्न पूछे जाते हैं, जिनमें किन्हीं दो या दो से अधिक

व्यक्तियों के आपस में सम्बन्ध दिए गए होते हैं तथा इन्हीं सम्बन्धों के आधार पर किसी अन्य व्यक्ति का सम्बन्ध ज्ञात करना होता है।

रक्त सम्बन्धी कुछ मुख्य तथ्य निम्न हैं

1. माता या पिता का पुत्र → भाई
2. माता या पिता की पुत्री → बहन
3. माता और पिता का भाई → क्रमशः मामा और चाचा
4. माता और पिता की बहन → क्रमशः मौसी और बुआ
5. माता और पिता की माँ → क्रमशः नानी और दादी
6. माता और पिता के पिता → क्रमशः नाना और दादा
7. पुत्र की पत्नी → पतोहू या पुत्रवधू
8. पुत्र का पुत्र/पुत्री → पोता/पोती
9. पुत्री का पति → दामाद
10. बहन का पति → बहनोई
11. भाई का पुत्र → भतीजा
12. भाई की पुत्री → भतीजी
13. चाचा/चाची का पुत्र/पुत्री → चचेरा भाई/चचेरी बहन
14. मामा/मामी का पुत्र/पुत्री → ममेरा भाई/ममेरी बहन
15. बुआ/फूफा का पुत्र/पुत्री → फुफेरा भाई/फुफेरी बहन
16. मौसा/मौसी का पुत्र/पुत्री → मौसेरा भाई/मौसेरी बहन
17. पति और पत्नी का भाई → क्रमशः जेठ/देवर और साला
18. पति और पत्नी की बहन → क्रमशः ननद और साली
19. दादा या दादी का पुत्र/पुत्री → चाचा/बुआ
20. दादा या दादी का इकलौता पुत्र → पिता
21. नाना या नानी का पुत्र/पुत्री → मामा/मौसी
22. नाना या नानी की इकलौती पुत्री → माता
23. भाई की पत्नी → भाभी/भोजाई
24. इकलौती पुत्री/बहन → एकमात्र पुत्री/बहन
25. इकलौता पुत्र/भाई → एकमात्र पुत्र/भाई
26. न भाई न बहन → स्वयं
27. पुत्री का पुत्र/पुत्री → नाती/नातिन
28. पति के भाई की पत्नी → देवरानी/जेठानी

## उदाहरण

**1.** तस्वीर में एक आदमी की ओर इशारा करते हुए एक महिला ने कहा कि "उसके भाई के पिता मेरे दादा के इकलौते पुत्र हैं।'' महिला का तस्वीर वाले आदमी से क्या सम्बन्ध है?

(a) माँ (b) बहन (c) चाची (d) बुआ

**2.** एक तस्वीर की ओर इशारा करते हुए विजय बोला–''इसका पिता मेरी माता की इकलौती सन्तान है।" वह तस्वीर किसकी है?

(a) विजय की (b) विजय के पिता की
(c) विजय के भाई की (d) विजय के पुत्र/पुत्री की

**3.** प्रीति का अरुण नामक पुत्र है। राम, प्रीति का भाई है। नीता की भी रीमा नामक पुत्री है। नीता, राम की बहन है। अरुण का रीमा के साथ क्या सम्बन्ध है?

(a) भाई (b) भतीजा (c) मामा (d) मौसेरा भाई

### उत्तर (व्याख्या सहित)

**1.** (b)




उपरोक्त चित्र से स्पष्ट है, कि महिला के दादा तस्वीर वाले व्यक्ति का भी दादा है। इसलिए महिला का तस्वीर वाले आदमी से बहन का सम्बन्ध है।

**2.** (d)




उपरोक्त चित्र से स्पष्ट है कि विजय की माता के केवल एक पुत्र है, अतः विजय की माता का पुत्र विजय स्वयं हुआ, इसलिए तस्वीर विजय के पुत्र/पुत्री की है।

**3.** (d)




उपरोक्त चित्र से स्पष्ट है कि प्रीति और नीता बहने हैं, इसलिए अरुण, रीमा का मौसेरा भाई है।

# दिशा एवं दूरी परीक्षण

(Direction and Distance Test)

दिशा एक मानव परिकल्पना है, जिसे हम सूर्य एवं ध्रुवतारा दोनों पर आधारित कर सकते हैं। परिकल्पनानुसार, सूर्य जिस ओर उदय होता है, उस ओर को हम पूर्व दिशा कहते हैं तथा इसके ठीक विपरीत सूर्य जिस ओर अस्त होता है, उस ओर को हम पश्चिम दिशा कहते हैं। यदि हम सूर्योदय के समय सूर्य की ओर मुख करके खड़े हो जाएँ, तो हमारे सामने की दिशा 'पूर्व', पीछे की दिशा 'पश्चिम' तथा हमारे बाईं ओर 'उत्तर' दिशा एवं दाईं ओर 'दक्षिण' दिशा होगी।



दिशा से सम्बन्धित प्रश्नों को हल करने के लिए आपको निम्न प्रदर्शित आरेखानुसार चारों दिशाओं एवं बाएँ-दाएँ की अवधारणाओं को ध्यान में रखना चाहिए।

यदि प्रदर्शित आरेख के मध्य बिन्दु पर कोई व्यक्ति खड़ा हो, तो उसके सामने ऊपर की ओर उत्तर, पीछे की ओर यानी नीचे की ओर दक्षिण, दाईं ओर पूर्व तथा बाईं ओर पश्चिम दिशा होगी।

यदि हम किसी दिशा की ओर मुख करके चल रहे हैं तथा किसी बिन्दु से हमें दाईं या बाईं ओर मुड़ना हो, लेकिन कोण व्यक्त नहीं किया गया हो, तो हमें अपनी दाईं या बाईं ओर 90° का कोण बनाते हुए मुड़ना चाहिए।

प्रश्न में दाएँ मुड़ने का अर्थ घड़ी की सुइयों के चलने की दिशा (दक्षिणावर्त) में चलना तथा बाएँ मुड़ने का अर्थ घड़ी की सुइयों के चलने की विपरीत दिशा (वामावर्त) में चलना होता है।

जैसे—


बाएँ मुड़ना


दाएँ मुड़ना

सूर्योदय तथा सूर्यास्त के समय परछाई बनने की दिशा निश्चित होती है। परछाई हमेशा सूर्य के उदय होने की विपरीत दिशा में होती है। दोपहर 12 बजे सूर्य की किरणें पृथ्वी पर सीधी पड़ती हैं, इसलिए उस समय कोई परछाई नहीं बनती है। दिशाओं से सम्बन्धित प्रश्नों में दिशाओं के साथ-साथ दूरियाँ भी पूछी जाती हैं। दूरी ज्ञात करने के लिए पाइथागोरस प्रमेय की आवश्यकता होती है। पाइथागोरस प्रमेय के अनुसार, किसी समकोण त्रिभुज में लम्ब के वर्ग तथा आधार के वर्ग का योग उसके कर्ण के वर्ग के बराबर होता है।




अर्थात् $(\text{लम्ब})^2 + (\text{आधार})^2 = (\text{कर्ण})^2$

या $\text{कर्ण} = \sqrt{(\text{लम्ब})^2 + (\text{आधार})^2}$

$AC = \sqrt{(AB)^2 + (BC)^2}$

या $\text{लम्ब} = \sqrt{(\text{कर्ण})^2 - (\text{आधार})^2}$

$AB = \sqrt{(AC)^2 - (BC)^2}$

या $\text{आधार} = \sqrt{(\text{कर्ण})^2 - (\text{लम्ब})^2}$

$BC = \sqrt{(AC)^2 - (AB)^2}$

दिशा पर आधारित प्रश्न निम्न प्रकार से पूछे जाते हैं

1. यात्रा की दिशा ज्ञात करना।
2. यात्रा की दूरी ज्ञात करना।
3. व्यक्तियों अथवा वस्तुओं की सापेक्षिक स्थिति ज्ञात करना।

## उदाहरण

**1.** आप सीधे पूर्व की ओर जा रहे हैं। उसके बाद आप दाएँ मुड़ते हैं और फिर दाएँ मुड़ते हैं, फिर बाएँ मुड़ते हैं। अब आप किस दिशा में जा रहे हैं?

(a) पूर्व (b) पश्चिम (c) उत्तर (d) दक्षिण

**2.** यदि दक्षिण-पश्चिम उत्तर हो जाता है, तो उत्तर-पूर्व क्या हो जाएगा?

(a) पश्चिम (b) दक्षिण (c) पूर्व (d) दक्षिण-पश्चिम

**3.** मैं एक नदी के किनारे पीठ करके खड़ा हूँ। पानी में स्वतन्त्र रूप से बहती हुई कोई वस्तु मेरी बाईं ओर से दाईं ओर जा रही है। नदी पश्चिम से पूर्व की ओर बह रही है, तो मेरा मुँह किस ओर है?

(a) उत्तर (b) दक्षिण (c) पूर्व (d) पश्चिम

**4.** अजबलाल पूर्व दिशा में 15 किमी गए, तब वह बाएँ मुड़कर 5 किमी चले, फिर बाएँ मुड़कर वह 15 किमी चले, तो अजबलाल प्रारम्भिक स्थान से कितनी दूरी पर है?

(a) 5 किमी (b) 15 किमी
(c) 30 किमी (d) 35 किमी

## उत्तर (व्याख्या सहित)

**1.** (d)




उपरोक्त चित्र से स्पष्ट है कि आप दक्षिण दिशा में जा रहे हैं।

**2.** (b)




उपरोक्त चित्र से स्पष्ट है कि दिशाएँ 135° दक्षिणावर्त घूम रही हैं। इसलिए उत्तर-पूर्व को 135° दक्षिणावर्त घुमाने पर वह दक्षिण हो जाएगा।

**3.** (a) चूँकि मैं नदी की ओर पीठ करके खड़ा हूँ और नदी का बहाव पश्चिम से पूर्व की ओर है और पानी में स्वतन्त्र रूप से बहती हुई कोई वस्तु मेरी बाईं ओर से दाईं ओर जा रही है। इसलिए मेरे बाईं ओर पश्चिम तथा दाईं ओर पूर्व है। मेरा मुख उत्तर दिशा की ओर है।